# मितान बन कलेक्टर भीम सिंह पहुंचे भीमराव यादव के घर, सौंपा बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र

- 16 मई को टोल फ्री नंबर 14545 पर यादव ने किया था कॉल, 20 मई को घर पर डिलीवर हुआ उनकी बेटी का जन्म प्रमाण पत्र
- मितान योजना से नगर निगम वासी 13 प्रकार की सुविधाओं का ले सकते हैं घर बैठे लाभ

**रायगढ़।** आज मितान बन कलेक्टर भीम सिंह सोनुमुड़ा रायगढ़ निवासी भीम राव यादव के घर पहुंचे। यहां उन्होंने यादव की नवजात बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र माता विजय लक्ष्मी यादव को सौंपा। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा व जॉइंट कलेक्टर राजीव पांडेय, नगर निगम उपायुक्त सुतीक्षण यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर भीम सिंह ने इस मौके पर यादव दंपत्ति को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व व नगर निगम के तहत मिलने वाली विभिन्न सेवाओं का घर पहुंच लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ लेने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि भीम राव यादव ने अपनी बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ लिया है। उन्होंने 16 मई को टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर अपनी बिटिया चेतना यादव के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अपॉइंटमेंट लिया। मितान ने उनके घर जाकर सारे दस्तावेज एकत्र किए और आज 20 मई को उनकी बेटी का जन्म प्रमाण पत्र उन्हें उनके घर पहुंचा कर दिया गया। इस योजना के माध्यम से प्रमाण पत्र लेने के लिए उन्हें कहीं किसी कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। सिर्फ एक कॉल करने और जानकारी लेने आए मितान को प्रमाण पत्र निर्माण के लिए आवश्यक सारे जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करवा कर यादव ने घर बैठे ही अपनी बिटिया का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया।



श्री भीमराव यादव ने योजना को लोगों के लिए बेहद सुविधाजनक व समय और मेहनत बचाने वाला कदम बताया है। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए कहा कि जिन कामों के लिए पहले कार्यालय आना जाना पड़ता था, वह अब घर बैठे हो जा रहा है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी योजना का लाभ लेने की अपील की है।

मुख्यमंत्री मितान योजना से जनसामान्य को अन्य कार्यो को छोड़कर दस्तावेज बनाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति मिल रही है। इस योजना के अन्तर्गत सेवाओं के लिए मितान टोल फ्री नंबर 14545 एक कॉल करने पर मितान घर पहुंच रहे है। सेवाएं प्राप्त करने वाले व्यक्ति की जरूरी दस्तावेजों का स्कैन कर एवं दस्तावेज बनाने उपरांत मितान द्वारा उसे घर पहुंचाया जा रहा है। मितान योजना की सारी प्रक्रिया डिजीटल है।

**ये प्रमाण पत्र घर बैठे मिलेंगे-** मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत लोगों को मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेज की नकल, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि रिकॉर्ड आदि की प्रति) मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण-पत्र सुधार आदि नागरिक सेवाएं घर बैठे मिलेंगी।

**इस टोल फ्री नंबर पर करना होगा फोन-** मुख्यमंत्री मितान योजना के जरिए शासकीय सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को मितान टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल करना होगा। फोन कॉल के बाद मितान उनके घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज लेंगे और संबंधित कार्यालय से प्रमाण पत्र बनवाकर उनके घर पहुंचाएंगे, कॉल सेंटर पर नागरिकों को शासकीय सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी प्राप्त होगी। नागरिकों को निर्धारित समय में शासकीय सेवाएं मिलेंगी, उनके समय की बचत होगी और उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### 20 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, बरमकेला पुलिस की कार्यवाई

**रायगढ़।** दिनांक 19/05/2022 को बरमकेला टीआई एल.पी. पटेल के नेतृत्व में बरमकेला पुलिस टीम द्वारा ग्राम भवरपुर में शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भवरपुर का फागुलाल सारथी अपने घर के सामने बाडी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्रवाई किया गया। जहां एक व्यक्ति अवैध महुआ शराब का विक्रय कर रहा था जिसे नाम पता पुछने पर अपना नाम फागुलाल सारथी पिता मुनु सारथी उम्र 45 वर्ष सा0 भवरपुर थाना बरमकेला जिला रायगढ का होना बताया जिसके पास एक 15 लीटर और एक 05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बा में कुल 20 लीटर महुआ शराब मिला। आरोपी का कृत्य धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पाये जाने से आरोपी फागुलाल सारथी को दिनांक 19/05/2022 को गिरफ्तार कर आज सुबह न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### शराब पीने के लिये रूपये नहीं देने पर अधेड़ व्यक्ति पर धारदार हथियार से वार

**आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर किया गया गिरफ्तार, घरघोड़ा की घटना**

**रायगढ़।** दिनांक 19.05.2022 को थाना घरघोड़ा में ग्राम झांकादरहा रहने वाला दिनेश चौहान रिपोर्ट दर्ज कराया कि गुप्ता फेब्रिकेशन घरघोडा में वेलडर का काम करता है। दिनांक 19/05/2022 के रात्रि में अपने पिताजी श्रवण चौहान (55 वर्ष) के साथ काम करके घरघोडा-तमनार रोड से अपने गांव झांकादहरा वापस आ रहे थे कि रास्ते में रात्रि करीब 10/30 बजे ग्राम झरियापाली इंडियन गैस गोदाम के पास परिचित कुलदीप कुजूर रास्ता रोककर पिताजी से शराब पीने के लिये पैसा मांगा जिसे पिताजी पैसे देने से मना किये इस बात से गुस्से में कुलदीप थप्पड़, हाथ मुक्को से मारपीट करते हुये पिताजी श्रवण चौहान के पेन्ट के जेब से पैसा निकालने की कोशिश कर रहा था पिताजी विरोध किये तो कुलदीप कुजूर धारदार हथियार निकाला और पिताजी के पेट में मार दिया। घटना की जानकारी गांव में देकर पिताजी को साधन व्यस्था कर ईलाज के लिये घरघोडा सरकारी अस्पताल ले गया, जहां से उन्हें रायगढ़ रिफर किया गया है। घटना के संबंध में थाना घरघोड़ा में आरोपी कुलदीप कुजूर निवासी ग्राम ढोढीबहार जिला जशपुर के विरूद्ध सहायक उप निरीक्षक विलेफ्रेड मसीह द्वारा अप.क्र. 158/2022 धारा 294, 307, 327, 341, 506 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को गंभीर अपराध की सूचना दिया गया, जिनके मार्गदर्शन पर आज आरोपी की पतासाजी कर आरोपी कुलदीप कुजूर पिता लाजरूस कुजूर उम्र 55 साल निवासी ग्राम ढोढीबहार थाना कांशाबेल जिला जशपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के परिचित घरघोड़ा में रहते हैं, जिनके पास कुलदीप कुजूर का आना जाना है। आरोपी के गुनाह स्वीकार किया है जिसके मेमोरेंडम पर एक चाकू नुमा धारदार हथियार की जप्ती किया गया है। आरोपी को आज न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया है।

# पुलिस ने 10 जुआरियों को दौड़ाकर पकड़ा, जुआरियों से 3.55 लाख कैश का जब्त

- ग्राम लोधिया के नाला किनारे जुआ फड पर खरसिया पुलिस की रेड कार्यवाही

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा एवं एडिशनल एसपी लखन पाटले के कुशल नेतृत्व तथा एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे के मार्गदर्शन पर खरसिया क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाया गया है। बीते रात खरसिया पुलिस की सजगता से पेट्रोल पम्प लूटपाट की घटना को विफल किया गया था। थाना एवं चौकी प्रभारी अपने मुखबिर सक्रिय कर असामाजिक तत्वों पर निगाह रखे हुये समय-समय पर लघु एवं प्रतिबंधक कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में प्रतिबंधक कार्यवाही की समीक्षा कर एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे द्वारा थाना प्रभारी खरसिया एवं चौकी प्रभारी खरसिया को क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा पर कार्यवाही के दिए निर्देश दिए गए जिस पर स्टाफ द्वारा मुखबीर लगाकर जुआ की सूचना ली गई, शाम पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम लोधिया नाला किनारे जुआ फड पर 8-10 जुआरी काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं जिस पर थाना खरसिया व चौकी खरसिया की संयुक्त टीम बनाकर एसडीओपी खरसिया के मार्गदर्शन पर जुआ फड की घेराबंदी कर सुनियोजित तरीके से जुआ रेड कार्यवाही किया गया जिसमें जुआ फड छोड़ भाग रहे 10 जुआरियों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया जिनसे 3,55,700 नगदी व जुआ सामग्री की जब्ती की गई है। आरोपियों पर थाना खरसिया में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। जुआ रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्रिय, अशोक देवांगन, महेन्द्र खरे, आरक्षक कीर्ति सिदर, सुरेंद्र पटेल, विशोप सिंह, राकेश राठौर, जय सिंह सिदार शामिल थे।



# कोतवाली पुलिस की संवेदना : नाबालिग बच्चों के मां का टीआई ने कराया अंतिम संस्कार

- लंबी बिमारी के बाद दो नाबालिगों की मां का जिला अस्पताल में हुआ निधन, जांच करने पहुंचे टीआई के पास रोते हुए बच्चों ने मांगी मदद
- कोतवाली पुलिस और मां फाउंडेशन ने कराया अंतिम संस्कार, महिला के दो बच्चों को किया गया चाइल्ड चाइन के सुपुर्द



**रायगढ़।** सिटी कोतवाली रायगढ़ पुलिस ने मानवता की एक बड़ी मिसाल पेश की है। इलाहाबाद (वर्तमान में प्रयागराज) से आकर जिले के कोसमनारा में बसे एक श्रमिक परिवार की महिला नर्मदा तिवारी का दिनांक 18.05.2022 को स्वांस की लंबी बिमारी के बाद के.जी.एच. रायगढ़ निधन हो गया। महिला के पति का दो साल पहले निधन हो चुका है। मृतिका अपने पीछे दो बच्चे क्रमश: लड़की 16 साल और लड़का 8 साल को छोड़कर चली गई, महिला का शव दो दिनों तक मच्यूरी में रखा था। आज दिनांक 20.05.2022 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर अपने स्टाफ के साथ बीते रोज उर्दना के पास हुये रोड़ एक्सीडेंट की जांच करने के.जी.एच. पहुंचे थे। मृतिका की बेटी टीआई मनीष नागर को देखकर रोते हुए उनके पास आयी और बताई कि उनका इलाहाबाद और रायगढ़ में कोई नहीं है, जान पहचान वाले भी मम्मी का क्रियाकर्म के लिये नहीं आ रहें हैं। दोनों बच्चों की दशा देखकर वहां खड़े लोगों के साथ खाखीवालों को भी अंदर तक झकझोर दिया। टीआई नागर बच्चों को दिलासा देकर बोले कि "शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया जावेगा और तुम दोनों (बच्चों) के रहने का उचित प्रबंध करते हैं" जिसके तत्काल बाद टीआई अपने स्टाफ को मुक्तिधाम तक शव ले जाने वाहन की व्यवस्था करने निर्देशित किये, टीआई और उनके स्टाफ शव को कंधा देकर वाहन से कयाघाट मुक्तिधाम पहुंचे। पुलिस के इस नेक कार्य की जानकारी पर समाजसेवी संस्था मां फाउंडेशन रायपुर के स्थानीय सदस्यगण सहयोग के लिये आगे आये। महिला हिंदू होने के कारण महिला के बेटे ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार महिला का अंतिम संस्कार किया गया, उनकी अस्थि पवित्र नदी में प्रवाहित किया जावेगा। शव के अंतिम संस्कार के बाद महिला के दोनों बच्चों को देखभाल के लिये चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जब इसकी जानकारी हुई तो टीआई नागर और उनके स्टाफ की सराहना किये। इस मानवीय सेवा को निभाने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक नंदकुमार सारथी, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, आरक्षक विनोद शर्मा, आरक्षक सुरेंद्र यादव और मां फाउंडेशन रायपुर, रायगढ़ के सदस्य निमेश पाण्डेय, बबलू गुप्ता और साथीगण मौजूद रहे।

# लैलूंगा के पोकडेगा हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** दिनांक 03.05.2022 को थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोकडेगा में मिले अज्ञात पुरूष के शव मामले में लैलूंगा पुलिस द्वारा अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी कर दिनांक 09.05.2022 को हत्या का खुलासा किया गया था।

मामले में लैलूंगा पुलिस द्वारा मृतक के फोटो को विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप में वायरल किया गया था जिसे मृतक के भाई ने देखकर मृतक की शिनाख्त सत्यनारायण पैकरा पिता केशबो साय पैंकरा उम्र 30 वर्ष निवासी माटीपहाड़ छर्रा थाना तुमला जिला जशपुर में किया गया। लैलूंगा पुलिस द्वारा मृतक के गांव की सुनीता पैकरा तथा उसके चचेरे भाई मदन पैंकरा को सबूतों के आधार पर हिरासत में लिया गया था जो पुलिस की कड़ी पूछताछ पर अपना अपराध कबूल कर बताये कि मृतक सत्यनारायण पैकरा का सुनीता पैकरा के साथ दो-तीन सालों से प्रेम संबंध था। सुनीता पैकरा का पति रघुनंदन पैंकरा बढाई है, घर पर भी काम करता था। आरोपिया सुनीता पैकरा बताई कि दोनों आपस में मिलते जुलते थे। सत्यनारायण पैकरा कुछ दिनों से मिलने के लिए बहुत दबाव बनाता था जिससे परेशान होकर अपने पति व भाई मदन पैकरा को बताई और सुनियोजित तरीके से 2 मई के शाम-रात करीब 7:00 बजे सत्यनारायण को मिलने के बहाने भंगामुडा के पास बुलाई जहां पूर्व से उसका पति रघुनंदन घर से पाटानुमा डंडा लेकर चचेरे भाई मदन पैकरा के साथ छिपे हुए थे जैसे ही सत्यनारायण पहुंचा रघुनंदन पैकरा पाटानुमा डंडा को हथियार के रूप में उपयोग कर सत्यनारायण के सिर, चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किया जिससे सत्यनारायण वहीं फौत हो गया। उसके मृत्यु के पश्चात सत्यनारायण सत्यनारायण के शव को रघुनंदन पैकरा और मदन पैकरा रघुनंदन के मोटर सायकल में लेकर तोलमा रोड तरफ ले गए, जहां ग्राम पोकडेगा काजूबाड़ी पर महुआ पत्ता जलाने वाले गड्ढे में शव को साथ में लाएं पेट्रोल डालकर जला दिये और वापस घर चले गए। आरोपियों सुनीता पैकरा बताई कि उसका पति रघुनंदन पैकरा ज्सादातर घर के बाहर ही रहता था, घर बहुत कम आता था और घटना के बाद से ही फरार है। पुलिस कई ठिकानों पर दबिश दी आरोपी रघुनंदन पैंकरा फरार है घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों द्वारा मृतक की पहचान छिपाने शव को जलाया वहीं मृतक के एकाएक लापता होने पर उसके परिजनों के मोबाइल पर मैसेज कर यह भ्रम फैलाये कि मृतक स्वयं ही घर छोड़ कहीं चला गया है, किन्तु आरोपियों की चलाकी पुलिस की जांच के आगे फीकी साबित हुई। हत्या में संलिप्त मृतक की कथित प्रेमिका आरोपिया सुनीता पैकरा पति रघुनंदन पैकरा उम्र 36 वर्ष निवासी माटीपहाड़ छर्रा तुमला जिला जशपुर तथा उसके चचेरे भाई आरोपी मदनलाल पैकरा पिता जनक साय पैकरा 26 साल निवासी जामझोर थाना बागबहार जिला जशपुर को सारे सबूतों के साथ गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। घटना के बाद से आरोपी रघुनंदन पैंकरा फरार था, पुलिस लगातार उसके ठिकानों पर दबिश दे रही थी, पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच आरोपी द्वारा दिनांक 17.05.2022 को जे.एम.एफ.सी घरघोड़ा न्यायालय में आत्म समर्पण किया। पुलिस उसका दो दिन का पुलिस रिमांड पर कर आरोपी को हिरासत में लेकर क्राईम सीन लेकर गये पूछताछ कर उसके निशान देही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी पाटानुमा डंडा व मोटर सायकल की जप्ती की गई। पुलिस रिमांड पश्चात आरोपी रघुनंदन साय पैंकरा पिता मोतीलाल साय उम्र 42 वर्ष निवासी माटीपहाड़ छर्रा थाना तुमला जिला जशपुर को दिनांक 19.05.2022 को रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।



# घर घुसकर विवाहिता से छेड़खानी, आरोपी युवक गया जेल

**रायगढ़।** दिनांक 19.05.2022 को पुलिस चौकी कनकबीरा में महिला द्वारा ग्राम पाकलडीह के सेतभूषण सिदार पिता धनसाय सिदार (उम्र 20 वर्ष) के विरूद्ध घर घुसकर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज करायी। महिला बताई कि दिनांक 19.05.2022 के सुबह करीब 08:30 बजे अपने घर के किचन में बने वाश बेसिन में खड़े होकर बर्तन धो रही थी कि उसी समय घर के पीछे बाउण्ड्री से कूदकर एक लड़का वाश बेसिन के पास बने खिड़की से हाथ डालकर पकड़ लिया और अपनी ओर खींचने लगा। तब छुड़ाकर चिल्लाई और सास को बुलाई। तब वह लड़का कुदकर भागने लगा जिसे घर के पास बाड़ी में काम कर रहे पति और ससुर दौड़ाकर पकड़े। गांववालों के सामने लेकर गये और उसका नाम पूछने पर अपना नाम सेतभूषण निवासी पाकलडीह का रहने वाला बताया। महिला के रिपोर्ट पर पुलिस चौकी कनकबीरा, थाना सारंगढ़ पर धारा 454, 354 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर सारंगढ़ न्यायालय पेश किया गया जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किस्त की राशि का आज करेंगे अंतरण

- उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल होंगे जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
- ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन
- जिले के किसानों को पहली किश्त में मिलेंगे 97 करोड़ रूपए




**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मई को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत प्रदेश के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम किश्त की राशि मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल अंतरण करेंगे। इसके साथ ही राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजना के लाभांवित हितग्राहियों को भी राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री बघेल जिला स्तरीय कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे और किसानों के खातों में प्रथम किश्त की राशि का अंतरण करेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद गोमती साय, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, महापौर जानकी काटजू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल होंगे।

01 लाख 8 हजार 106 किसानों को पहली किस्त में मिलेंगे 97 करोड़ रूपए

21 मई 2022 को राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले में धान उपार्जन वर्ष 2021-22 में धान विक्रय करने वाले कुल 01 लाख 8 हजार 106 किसानों को प्रथम किश्त 97 करोड़ रूपए प्रदाय की जाएगी।

# जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु 27 मई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** जिले में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजनान्तर्गत संचालित विद्यालयों में हिन्दी माध्यम के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति की जानी है। जिसके लिए शासकीय विद्यालयों में कार्यरत व्याख्याता/शिक्षक/कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदक अपना आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ के सेजस खण्ड में 27 मई 2022 तक कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते है। प्रतिनियुक्ति हेतु चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। साक्षात्कार तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

## रिक्त पदों की जानकारी

व्याख्याता-हिन्दी के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़, नटवर रायगढ़, सारंगढ़, लैलूंगा, बरमकेला, धरमजयगढ़ में एक-एक पद एवं तमनार में 2 पद रिक्त है। इसी तरह व्याख्याता अंग्रेजी के लिए नटवर रायगढ़, बरमकेला, लैलूंगा, घरघोड़ा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता-संस्कृत के लिए नटवर रायगढ़, सारंगढ़, तमनार एवं धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता-भौतिकी के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़ में एक पद, व्याख्याता जीव विज्ञान के लिए लैलूंगा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता रसायन के लिए घरघोड़ा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता राजनीति के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि. रायगढ़, बरमकेला, सारंगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा व धरमजयगढ़ में एक-एक पद, व्याख्याता कला कला के लिए नटवर स्कूल रायगढ़ में दो पद, व्याख्याता वाणिज्य के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़, नटवर में एक-एक पद, शिक्षक-कृषि विषय के लिए घरघोड़ा व लैलूंगा में एक-एक पद, प्रधान पाठक पू.मा.शा एवं प्रधान पाठक प्रा.शा.अंग्रेजी माध्यम के लिए तमनार एवं पुसौर में, व्यायाम शिक्षक के लिए पुसौर, बरमकेला, खरसिया एवं लैलूंगा, ग्रंथपाल के लिए पुसौर, बरमकेला, सारंगढ़ व धरमजयगढ़, कम्प्यूटर शिक्षक-खरसिया एवं धरमजयगढ़, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़, पुसौर, खरसिया एवं लैलूंगा, सहायक ग्रेड-2 व 3 के लिए सारंगढ़ में दो, तमनार में दो एवं लैलूंगा में एक, भृत्य के लिए उत्कृष्ट हिन्दी मा.वि.रायगढ़ में 3, नटवर रायगढ़ में 2, सारंगढ़ में 3, तमनार में 2, घरघोड़ा में 2, लैलूंगा में 3 एवं धरमजयगढ़ में 2 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480